तापमान

अधिकतम 39.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 17 जून 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



18 ‘शिक्षा से ही बनेगा उज्ज्वल भविष्य’





18 बच्चों का तिलक लगा व मुंह मीठा करा कराया ...




## खबर संक्षेप

### जंगल में शराब बिक्री एक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम ठाकुरदिया खुर्द के पास स्थित जंगल में शराब बिक्री कर रहे एक व्यक्ति पर पिथौरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ठाकुरदियाखुर्द के पास स्थित जंगल में आरोपी गोवर्धन सतनामी के कब्जे से कुल 04 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### जान से मारने धमकी देने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम कनकेवा में एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सरायपाली थाने में तीन लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को नूरपति निषाद ने बताया कि वह ग्राम कनकेवा का निवासी है। 4 मार्च को उसके नाबालिग लड़के के साथ हुई घटना को लेकर थाना सरायपाली में रिपोर्ट दर्ज है, जिसमें जांच चल रही है। 22 मई की रात्रि लगभग 08 बजे वह अपने घर के बाहर चबूतरे में बैठा था, तभी टुकलाल निषाद आया और कहने लगा कि तुम पूर्व की घटना को लेकर दूसरों को साथ लेकर थाना जाते हो मुझे नहीं ले जाते हो। इस पर उसने कहा कि मैं कहीं आता-जाता नही हूं, अपने घर में काम कर रहा हूं। यह सुनकर टुकलाल गाली गलौज करने लगा। इसी दौरान टुकलाल का भाई पुस्तम निषाद तथा लीला बाई भी वहां आए और तीनों ने मिलकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** भुरसापाली रोड पुलिया के पास धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने-धमकाने वाले युवक पर बलौदा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भुरसापाली रोड पुलिया के पास एक युवक हाथ में धारदार हथियार कत्ता को लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी हेमसागर यादव पिता सदानंद यादव (22 वर्ष) भुरसापाली को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### शराब का अवैध परिवहन कर रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बाइक से शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति पर सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि अलेख राम अजगर पिता चोको अजगर (43 साल) बुधूडोंगर थाना सरायपाली अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीके 5309 से महुआ शराब का अवैध परिवहन कर रहा है। पुलिस ने ग्राम नूनपाली से ग्राम दुलारपाली रोड स्थित गोहिरा पेड़ के पास आरोपी के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद किया। मामल में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इसी तरह सरायपाली पुलिस ने फुलझर राइस मिल जोगनीपाली मोड़ के आगे तालाब के पास ग्राम जोगनीपाली आरोपी धीरज दास मानिकपुरी पिता उत्तरा कुमार मानिकपुरी (28 साल) वार्ड क्रमांक 03 जोगनीपाली पर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से उसके बिना नंबर के वाहन एक्टिवा से 30 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया।

# शराब बिक्री की खिलाफत की तो ग्रामीणों को कोचियों ने धमकाया

## सरेआम सार्वजनिक स्थानों पर शराब बेची जा रही, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पचेड़ा में अवैध शराब बिक्री से परेशान स्थानीय ग्रामीणों ने गांव में शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा सरेआम सार्वजनिक स्थानों पर शराब बेची जा रही है, जिससे क्षेत्र का वातावरण खराब हो रहा है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत की सरपंच ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। सरपंच द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गांव में शराब का अवैध कारोबार स्कूल भवन, स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य की दुकान (राशन दुकान) और अन्य सार्वजनिक स्थलों के पास किया जा रहा है। इन स्थानों पर शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का निकलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि खुलेआम हो रही इस अवैध गतिविधियों से गांव की शांति व्यवस्था पूरी तरह भंग हो चुकी है।

### धमकी-अभद्रता का आरोप

ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जब गांव के जिम्मेदार लोगों या पंचायत प्रतिनिधियों ने अवैध शराब बेचने वालों को मना करने की कोशिश की, तो उन्होंने उल्टे अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज करते हुए उन्हें धमकाया। शराब बेचने वालों में निलेश गोरले और पप्पू गोरले का नाम प्रमुखता से लिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इन लोगों ने गांव में भय का माहौल बना रखा है।



**पूर्व में भी की गई थी शिकायतः** सरपंच ने बताया कि इस समस्या को लेकर 10 जून को लिखित रूप से संबंधित अधिकारियों और पुलिस को शिकायत दी गई थी। इसके बावजूद आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। शिकायत के बाद भी शराब तस्करों के हौसले बुलंद हैं। गांव के कोटवार द्वारा मुनादी कराए जाने और ग्राम प्रमुखों द्वारा मना करने के बावजूद, अवैध शराब बेचने वाले लोग मानने को तैयार नहीं हैं।

### त्वरित कार्रवाई की उम्मीद

ग्राम पंचायत पचेड़ा के ग्रामीणों ने अब सीधे कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन अवैध शराब विक्रेताओं पर जल्द ही कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो गांव की कानून-व्यवस्था और बिगड़ सकती है। सरपंच ने प्रशासन से आग्रह किया है कि उक्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए ताकि गांव में फिर से शांति स्थापित हो सके।

## समस्या : मरीजों को पर्ची के लिए घंटों का इंतजार के बाद मिल रहा इलाज

# आभा एप का सर्वर डाउन रहने से देरी से बन रही मरीजों की पर्चियां, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

आभा एप का सर्वर बार बार डाउन होने से जिला अस्पताल में उक्त महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा के बाधित होने पर मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आभा एप का सर्वर बार-बार डाउन होने से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी नही हो पाती जिसके कारण मरीजों के इलाज में देरी हो रही है। अस्पताल के नियमों के अनुसार, जब तक ऑनलाइन सिस्टम से पर्ची नहीं कटती, तब तक किसी भी मरीज को भर्ती नहीं किया जा रहा है। सबसे गंभीर स्थिति प्रसूता महिलाओं की है। प्रसव पीड़ा से गुजर रही महिलाओं के परिजनों को घंटों लाइन में खड़े रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में मौजूद देविका ध्रुव, जिन्हें प्रसव के लिए लाया गया था, उनके परिजनों ने बताया कि उनकी हालत खराब थी, लेकिन सर्वर डाउन होने का हवाला देकर उन्हें घंटों काउंटर पर खड़ा होना पड़ा। इसी प्रकार, निलेश साहू जो एक समान्य बीमारी के इलाज के लिए पहुंचे थे, उन्होंने बताया कि पर्ची न बन पाने के कारण उन्हें इलाज शुरू करने के लिए तीन घंटे से ज्यादा इंतजार करना पड़ा।



### स्टाफ के व्यवहार से भी मरीज परेशान

मरीजों की मानें तो जब वे या उनके परिजन इस अव्यवस्था के बारे में पूछताछ करने या जल्द इलाज की गुहार लगाने के लिए काउंटर पर जाते हैं, तो वहां मौजूद कर्मचारी उनसे दुर्व्यवहार करते हैं। मरीजों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली बदसलूकी से मानसिक तनाव और बढ़ जाता है।

### हालत खराब होने पर मरीजों की मजबूरी

अस्पताल परिसर में मौजूद सुनीता देवी ने बताया कि वे सुबह से अस्पताल में हैं, लेकिन सर्वर की समस्या के नाम पर उन्हें टाला जा रहा है। ऐसी ही शिकायत विशाल कुमार ने भी की, जिनका कहना है कि समय पर पर्ची न मिलने से दवाइयां और जांच भी समय पर नहीं हो पा रही हैं। जिला अस्पताल में रोजाना दूर-दराज के गांवों से गरीब मरीज इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। सर्वर और तकनीकी समस्याओं के कारण घंटों की देरी और स्टाफ का असहयोगात्मक रवैया मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों से मांग की है कि इस अव्यवस्था को तत्काल सुधारा जाए।

# नशीली दवा की तस्करी कर रहे तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं कोमाखान पुलिस ने केसिंगा(ओडिशा) से रायपुर नशीली दवा की तस्करी कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि

एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा नशीली दवाओं के अवैध तस्करी पर नियंत्रण व प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान कोमाखान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर एक बाइक में तीन लोग नशीली दवा का परिवहन कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने ओडिशा-छत्तीसगढ़ बॉर्डर में नाकेबंदी कर हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 04 एनडब्लू 3525 में सवार तीन लोगों को रोका। पूछताछ में इन लोगों ने अपने नाम गोविंद शर्मा पिता स्व. राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजू शर्मा (37 साल) निवासी साहू कलर लैब श्रीनगर थाना खमतराई जिला रायपुर, राकेश जंघेल पिता धनाजी (31 साल) निवासी आकांक्षा अपार्टमेंट के पास श्रीनगर थाना खमतराई जिला रायपुर, कमलेश कुमार पिता दुर्गाप्रसाद राम (37 साल) निवासी डब्लूआरएस कॉलोनी थाना खमतराई जिला रायपुर होना बताए। उन्होंने नशीली टेबलेट को केसिंगा (ओडिशा) से खरीदकर स्वयं के खाने के लिये और खपाने के लिए, रायपुर ले जाना बताए। इस मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 21 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध किया गया। साथ ही आरोपियों के कब्जे से 815 नग नशीली कैप्सूल स्पेस्मो प्रोक्सीवोन प्लस कीमत 9321 रुपए, एक बाइक कीमत 30,000 रुपए एवं 04 नग मोबाईल कीमत 33,000 रुपए को बरामद किया गया।



## अतिक्रमण पर कार्रवाई करने पहुंची राजस्व टीम के सामने बच्ची ने पिया फिनाइल

**महासमुंद।** जिले के पिथौरा ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम लहरौद में तहसीलदार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने पहुंची राजस्व अमले की टीम के सामने 13 वर्षीय एक बालिका मालती निषाद ने फिनाइल पीकर जान देने की कोशिश की। जिसे तत्काल सीएचसी पिथौरा में ले जाया गया, उसका उपचार जारी है और स्थिति खतरे से बाहर है। उल्लेखनीय है कि लहरौद में एनएच-53 से लगी जमीन पर कुछ अतिक्रमण हटाने दोपहर में तहसीलदार मोहित अमिला के नेतृत्व में पटवारी, कोटवार समेत राजस्व की टीम जेसीबी लेकर पहुंची थी। टीम पहले कुछ दूसरे कब्जों को हटाने की कोशिश की। जब जेसीबी योगेश निषाद के घर की ओर बढ़ी। उस समय घर पर योगेश नहीं था। उसकी पत्नी और मां तथा पुत्री मालती निषाद घर पर थी। तीनों घर के सामने खड़े थे। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का विरोध चल ही रहा था। इस बीच जेसीबी को अपने घर की ओर बढ़ते देखकर 13 वर्षीय मालती निषाद भागकर घर के भीतर गई और फिनाइल की बोतल लेकर आ गई। लोग कुछ समझ पाते इसके पहले ही उसने बोतल में रखा फिनाइल पी लिया। बच्ची को फिनाइल पीता देखकर वहां हंगामा मच गया। हालात बिगड़ती देख राजस्व अमला मौके से जेसीबी लेकर लौट गया। परिजनों और पड़ोसियों ने बच्ची को उल्टी कराकर उसके पेट से फिनाइल निकाला और सीएचसी पिथौरा में भर्ती किया। बीएमओ डॉ. तारा अग्रवाल ने बताया कि बच्ची खतरे से बाहर है।



# सरकारी जमीन को अवैध तरीके से बेजा और कर दिया निजी नाम पर दर्ज, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- च्च स्तरीय जांच करने और रजिस्ट्री निरस्त करने की मांग

जिले के बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कोटनपाली में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे और उसे निजी व्यक्ति को बेचने का मामला सामने आया है। गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच करने और रजिस्ट्री निरस्त करने की मांग की है। ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को दी गई शिकायत के अनुसार, कोटनपाली में स्थित खसरा नंबर 11 की भूमि शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस शासकीय भूमि का गलत तरीके से सीमांकन कर इसे निजी पट्टा के रूप में दर्शा दिया गया। इसके बाद इस भूमि को गलत तरीके से दीपक अग्रवाल नामक व्यक्ति के नाम पर दर्ज कर दिया गया और बाद में उसकी बिक्री कर रजिस्ट्री भी कर दी गई।

### ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया है कि खसरा नंबर 11 की जमीन गांव की शासकीय संपत्ति है, जिस पर ग्रामीणों का हक है। इसे निजी नाम पर दर्ज करना और फिर बेचना पूरी तरह से नियमों के विरुद्ध है। बालकिशन नायक, लोलाराम, श्रभितराम ठाकुर, गणेश, राजू और अन्य समस्त ग्रामवासियों ने प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा है कि बिना प्रशासनिक अधिकारियों की साठ-गांठ के इतनी बड़ी गड़बड़ी संभव नहीं है।

### तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। उन्होंने इस अवैध रजिस्ट्री को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस पर संज्ञान नहीं लिया, तो शासकीय भूमि का बड़ा हिस्सा भू-माफियाओं के कब्जे में चला जाएगा। इस संबंध में जब ग्रामीणों से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत तहसील स्तर पर भी की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी वजह से उन्हें मजबूरन जिला मुख्यालय आकर कलेक्टर से गुहार लगानी पड़ी है।

## अस्पताल में पिटाई, आरोपियों पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** जिला अस्पताल के भीतर प्रसूति (डिलवरी) वार्ड से में कैंटीन स्टाफ द्वारा नवजात शिशु को पकड़े युवक की पिटाई कर दी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी मोंटू और उसके साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।15 जून सोमवार की शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है। आरंग के इंदिरा चौक निवासी पीड़ित दुलेश्वर सेन (23 वर्ष) ने थाने में अपनी आपबीती दर्ज कराई है। दुलेश्वर ने बताया कि उसने अपनी गर्भवती पत्नी को 13 जून को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। पत्नी ने बेटी को जन्म दिया। दुलेश्वर प्रसूति वार्ड में अपनी बेटी को गोद में लेकर बैठा था और थकान के चलते वहीं उसकी आंख लग गई।इसी दौरान वार्ड में तैनात सुरक्षा गार्ड ने दुलेश्वर को टोकते हुए बाहर जाने को कहा। इस पर दुलेश्वर ने वार्ड के बाकि आदमी लोग को बाहर निकालने की बात कही जिससे कैंटीन में खाना बनाने वाले और अन्य कर्मचारी एक राय होकर प्रसूति वार्ड के भीतर घुस आए और मोंटू नामक आरोपी ने गालियां देते हुए से मारपीट की। मामले में कोतवाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध धारा भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 296 (अश्लील कृत्य व गाली-गलौज) और 3(5) (समान इरादे से कई व्यक्तियों द्वारा हमला करना) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## प्रधानमंत्री आवास के निर्माण पर रोक, गरीब परिवार के सामने बेघर होने का संकट

**महासमुंद।** बसना विकासखंड के ग्राम जीराडबरी के एक गरीब हरिजन परिवार ने कलेक्टर जनदर्शन में न्याय की गुहार लगाई है। आवेदक राचिदानंद बारीक ने आरोप लगाया है कि स्थानीय रसूखदार व्यक्ति के दबाव में आकर तहसीलदार कार्यालय द्वारा उनके पुश्तैनी घर को तोड़ने का षड़यंत्र रचा जा रहा है, जिसके चलते उन्हें अपने ही घर से बेदखल होने का डर सता रहा है। आवेदक ने बताया कि वे पिछले 55-60 वर्षों से इस भूमि पर निवासरत हैं और पूर्ववर्ती सरकार के दौरान उन्हें वर्ष 2001 में इसका पट्टा भी मिला था। वर्तमान में वे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना पक्का मकान बनवा रहे थे, लेकिन विपक्ष के प्रभाव के चलते राजस्व अधिकारियों ने बिना निष्पक्ष जांच के निर्माण कार्य पर स्टे लगवा दिया है। पीड़ति परिवार का आरोप है कि राजस्व निरीक्षकों ने स्थल की गलत रिपोर्ट पेश की है, जबकि मौके पर दशकों पुराने कच्चे मकान और निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास मौजूद है। गरीब परिवार ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में किसी उच्च स्तरीय अधिकारी से निष्पक्ष जांच कराई जाए।

## शाला प्रवेशोत्सव बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास का संचार करता हैः ऐतराम

# हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच हम सभी की जिम्मेदारीः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नए शिक्षण सत्र की शुरुआत के साथ ही जिलेभर के विद्यालयों में शाला प्रवेशोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। इसी क्रम में आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक शाला महासमुंद और प्राथमिक शाला भलेसर में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक-रोली लगाकर तथा मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह शामिल हुए। इस अवसर पर जिला स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष ऐतराम साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान एवं जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, डीएमसी रेखराज शर्मा सहित विद्यालय के प्राचार्य जीआर सिन्हा, नीलम दीवान, अनुज पांडेय, आनंद गिरी गोस्वामी, हरबंश सिंह ढिल्लो, सीता डोंडेकर, सुधा साहू, शिक्षक, पालक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कलेक्टर लंगेह ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें विद्यालय जीवन की नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पालकों से बच्चों की नियमित पढ़ाई एवं विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कलेक्टर ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि मध्याह्न भोजन योजना का लाभ सभी पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचे तथा गणवेश वितरण की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न की जाए। उन्होंने शाला विकास समिति एवं पालकों से विद्यालय की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने का आग्रह भी किया।



कलेक्टर ने विद्यार्थियों को मोबाइल और टीवी के अत्यधिक उपयोग से बचने तथा अध्ययन एवं खेलकूद पर अधिक ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने विद्यालयों को समय पर संचालित करने, नियमित मध्यान्ह भोजन वितरण एवं निःशुल्क गणवेश उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

जिला स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष ऐतराम साहू ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास का संचार करता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें और गणवेश उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे सत्र के पहले दिन से ही अध्ययन प्रारंभ कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है और प्रत्येक शिक्षक की जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान ने कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें तथा मोबाइल एवं अन्य गैजेट्स का सीमित उपयोग करें। वहीं डीएमसी रेखराज शर्मा ने शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप सभी गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें ताकि जिले में ड्रॉपआउट दर को शून्य किया जा सके। जिले के सभी विकासखंडों में शाला प्रवेशोत्सव के माध्यम से नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया, जिससे विद्यालयों में उत्साह और उमंग का वातावरण रहा। प्राथमिक शाला भलेसर प्रवेशोत्सव में सरपंच सेवा राम कुर्रे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, भोपाल बंजारा, एपीसी संपा बोस, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, हीना ढालेन तथा बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, सीएसी ए चंद्रशेखर डोरा, शिक्षक दुर्गा यादव, एसएमसी सदस्य, पालकगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## जिले में पल्स पोलियो अभियान कल

**महासमुंद।** जिले में 28 जून 2026 को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान 2026 के सफल संचालन को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित समिति सदस्य मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि अभियान के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि जिले का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा मैदानी अमले की सक्रिय सहभागिता के साथ अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने और प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. आई नागेश्वर राव ने पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जिले में प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बूथ संचालन, माइक्रोप्लान, घर-घर सर्वे एवं निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों और मैदानी अमले के समन्वित प्रयासों से शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने तथा जिले का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे, इस दिशा में कार्य किया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविंद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1 लाख 15 हजार 495 बच्चों को पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए बूथ संचालन, माइक्रोप्लान, घर-घर संपर्क एवं निगरानी व्यवस्था की तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में डीपीएम नीलू धृतलहरे, जिला सलाहकार अनुपम शर्मा तथा हेल्थ एजुकेटर हरिशंकर साहू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### चर्चा : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

# सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही खाद-बीज के वितरण को लेकर विशेष निर्देश दिए। शासन के निर्देशानुसार बैठक वर्चुअल मोड में हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू उपस्थित थे तथा सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ सहित जिला स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने 30 जून तक संचालित खेती बचाओ अभियान के संबंध में समीक्षा करते हुए कृषि विभाग के मैदानी अमले, ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी गांवों में जाकर किसानों को जागरूक करने कहा गया। उन्होंने किसानों को शासन द्वारा निर्धारित यूरिया एवं डीएपी खाद की मात्रा वितरण करने तथा खाद भंडारण का नियमित भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि नैनो यूरिया एवं प्राकृतिक खाद को भी प्रोत्साहित करने किसानों के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। जो किसान यूरिया लेने सहकारी समितियों में पहुंच रहें हैं, उन्हें यूरिया प्रदान करें। कलेक्टर ने कहा कि सभी विकास विस्तार अधिकारी किसानों के बीच यूरिया और डीएपी के विकल्पों के बारे में भी किसानों का जागरूक करें। साथ ही खाद वितरण और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन 1076 अंतर्गत सभी विभागीय अधिकारी अनिवार्य रूप से लॉग इन करें एवं अपने आईडी में आए शिकायतों के अनुरूप समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि शेष आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को सेवा सेतु केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र समय-सीमा में बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राहियों का एग्रीस्टैक से शत-प्रतिशत लिंकिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले, आरईएओ को नियमित रूप से फील्ड में उपस्थित रहकर किसानों से संपर्क बनाए रखने तथा एग्रीस्टैक पंजीयन, ई-केवाईसी एवं अन्य कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की सतत निगरानी के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार ई-फाइल प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू हो गई है तथा मैनुअल फाइल संचालन प्रतिबंधित रहेगा। सभी विभागों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया।

बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन जैसे प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। प्रत्येक राजस्व अधिकारी मंगलवार और बुधवार को कोर्ट केस की सुनवाई करें। उन्होंने कहा कि एक वर्ष से लंबित प्रकरणों पर विशेष जोर दें। साथ ही बैठक में पेयजल, जन शिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

## पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी अभियान प्रारंभ

### 30 जून तक अभिलेखों का सत्यापन एवं संशोधन कराने की अपील

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितों की सुरक्षा तथा कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आधार आधारित ई-केवाईसी प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इसके तहत सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों का आधार कार्ड में दर्ज जानकारी से मिलान कर आवश्यक संशोधन एवं अद्यतन करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। श्रम विभाग द्वारा इस कार्य को 30 जून 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

श्रम पदाधिकारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में उपस्थित होना होगा। सीएससी संचालक द्वारा श्रमिक की पहचान का सत्यापन कर पोर्टल के रजिस्ट्रेशन अपडेशन मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सत्यापन के उपरांत श्रमिकों की जानकारी आधार कार्ड में उपलब्ध प्रमाणित विवरण के अनुसार अद्यतन की जाएगी। इस दौरान हिंदी एवं अंग्रेजी में नाम, जन्मतिथि, लिंग तथा मोबाइल नंबर जैसे महत्वपूर्ण विवरणों में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। इससे श्रमिकों का डाटाबेस अधिक सटीक एवं अद्यतन होगा तथा भविष्य में ई-केवाईसी एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। संशोधन आवेदन के लिए आधार कार्ड की स्पष्ट प्रति, श्रमिक का सहमति पत्र, ई-साइन तथा मोबाइल ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य रखा गया है। लाभार्थी की वास्तविक पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवेदन प्रक्रिया के दौरान श्रमिक की लाइव फोटो भी कैप्चर की जाएगी। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद एक विशिष्ट आवेदन क्रमांक जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

श्रम विभाग ने सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से निर्धारित समयावधि के भीतर अपने रिकॉर्ड का सत्यापन एवं संशोधन कराने की अपील की है। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए श्रमिक श्रम पदाधिकारी कार्यालय महासमुंद, जनपद पंचायतों में संचालित श्रम संसाधन केंद्र, नजदीकी चॉइस सेंटर अथवा लोक सेवा केंद्रों से संपर्क कर सकते हैं।

## गीले कचरे से तैयार जैविक खाद को पालिका प्रशासन करेगा विक्रय

**महासमुंद।** नगर पालिका द्वारा शहर से एकत्रित किए जा रहे गीले कचरे के वैज्ञानिक प्रसंस्करण से बड़ी मात्रा में जैविक खाद तैयार की गई है। इस जैविक खाद का विक्रय अब किसानों एवं आम नागरिकों को किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी फसलों में रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ जैविक खाद का अधिक से अधिक उपयोग करें। नगर पालिका के स्वच्छता दीदीयों द्वारा तैयार की गई यह खाद मिट्टी की उर्वरक क्षमता बढ़ाने, फसलों की गुणवत्ता सुधारने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहायक है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने बताया कि स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन के तहत गीले कचरे को उपयोगी जैविक खाद में परिवर्तित किया जा रहा है। वर्तमान में बड़ी मात्रा में जैविक खाद उपलब्ध है, जिसे निर्धारित दर पर किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। नगर पालिका ने क्षेत्र के किसानों से इस जैविक खाद का लाभ उठाने



एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की अपील की है। इससे जहां एक ओर खेती की लागत कम होगी, वहीं स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में भी सहयोग मिलेगा।

## मानिक की मांग पर कलेक्टर ने दिया समाधान का आश्वासन

### तुमगांव उपतहसील में नियमित उपस्थित रहेंगे तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

किसानों और आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मानिक साहू ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है। मानिक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात कर उप तहसील तुमगांव में नियमित तहसीलदार की पदस्थापना सहित किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि उपतहसील तुमगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में तहसीलदार की नियमित उपलब्धता नहीं होने के कारण नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं।



किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक ने बताया कि खरीफ फसल का सीजन शुरू हो चुका है, ऐसे समय में किसानों को कृषि ऋण, खाद और बीज की आवश्यकता होती है। लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में तकनीकी त्रुटियों के कारण कई किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि डिजिटल रिकॉर्ड में त्रुटि के चलते कई किसानों के खसरा रिकॉर्ड में पूर्व दर्ज सिंचित नलकूप का अंकन हट गया है, जिससे सहकारी बैंक और समितियों से कृषि ऋण लेने में दिक्कतें आ रही हैं। इसके अलावा खाद-बीज प्राप्त करने में भी किसानों को परेशानी हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि राजस्व रिकॉर्ड में सुधार के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। जब तक डिजिटल रिकॉर्ड पूरी तरह दुरुस्त नहीं होता, तब तक पटवारी स्तर पर भौतिक सत्यापन के आधार पर किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही सहकारी बैंकों और समितियों को भी स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं, ताकि तकनीकी त्रुटियों के कारण किसानों को ऋण और खाद-बीज से वंचित न होना पड़े। इस संबंध में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू को आश्वासन दिया कि किसानों और ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधिकारी लगातार उपस्थित रहेंगे तथा समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। किसान कांग्रेस ने कहा कि किसानों के हितों को देखते हुए प्रशासन से जल्द समाधान की उम्मीद है।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं मांगें गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विषयों पर कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर आम नागरिकों को राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

जनदर्शन में पिथौरा विकासखंड के ग्राम बिजेमाल की निवासी लता साहू अपने पति के निधन के बाद भूमि की फौती अपने नाम दर्ज कराने संबंधी आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचीं। जिस पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संबंधित विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। त्वरित कार्रवाई से संतुष्ट लता साहू ने कलेक्टर एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी तरह शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला बुटीपाली के उच्च वर्ग शिक्षक तेन सिंह जगत द्वारा नजदीकी स्कूल में स्थानांतरण के लिए आवेदन दिया। तेन सिंह जगत नवंबर 2025 से लकवाग्रस्त है, इस कारण वर्तमान पदस्थापना वाले स्कूल में जाने में असमर्थ है। जिस पर कलेक्टर लंगेह ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इसी तरह ग्राम शंकरपुर सांकरा निवासी इतवारी लाल रात्रे ने फौती दुरूस्ती के लिए, ग्राम पलसापाली सरायपाली के लंबोदर चौधरी ने चिटफंड कंपनी से अपना जमाधन और ब्याज राशि दिलाने, वार्ड क्रमांक 3 बागबाहरा के आतिफ कुरैशी ने शासकीय भूमि के अवैध प्लाटिंग और आम रास्ते में दीवार खड़ी करने की शिकायत और हटवाने, ग्राम जोगीडीपा के सुखराम जटवार ने अपने निजी भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता, जवाबदेही और प्राथमिकता के साथ निराकरण करें। जनदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कसेकेरा विद्यालय में प्रवेशोत्सव, 19 बच्चों का टाई-बेल्ट एवं पुस्तकों के साथ हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान



छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कसेकेरा में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा सभी विद्यार्थियों का मिठाई एवं टॉफी देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के उपसरपंच बल्ला ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला मॉनिटरिंग अधिकारी समग्र शिक्षा एवं एपीसी सुबोध तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राचार्य पवन चक्रधारी, हाई स्कूल एसएमडीसी अध्यक्ष विंदेश्वरी यादव एवं नरेंद्र पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रवेश उत्सव के दौरान कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले 19 छात्र-छात्राओं का विद्यालय बैच, टाई-बेल्ट, पाठ्यपुस्तकों एवं गणवेश भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. विजय शर्मा ने गत वर्ष की उपलब्धियों, वर्तमान में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शासकीय विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा ने पालकों की सहभागिता, शाला प्रबंधन समिति की सक्रिय भूमिका तथा शिक्षक-विद्यार्थी-पालक समन्वय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभावों से सावधान रहने की सलाह दी। एपीसी सुबोध तिवारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप गतिविधि आधारित शिक्षण, पर्यावरणीय जागरूकता तथा नवाचारों के लिए विद्यालय की सराहना की। अध्यक्षीय उद्बोधन में बल्ला ठाकुर ने विद्यालयी गतिविधियों में समुदाय एवं पालकों की सक्रिय भागीदारी पर बल देते हुए इस वर्ष कसेकेरा को आदर्श ग्राम बनाने का संकल्प व्यक्त किया। नरेंद्र पटेल ने विद्यालय की उपलब्धियों एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए हरियर कसेकेरा का नारा दिया।

वहीं एसएमडीसी अध्यक्ष विंदेश्वरी यादव ने बच्चों से संवाद कर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक मनीष अवसरिया ने किया। कार्यक्रम में मोतीराम, भोजराम साहू, अनुसुइया साहू, अंजली साहू, तोषण साहू, गंगा बाई साहू, ओम बाई सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पालक उपस्थित रहे। विद्यालयीन शिक्षकों में प्रेमिन दीवान, अर्चना चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, कामाक्षी चंद्राकर, रामेश्वर साहनी, लोकू चंद्राकर एवं पंकज ठाकुर मनेश देवांगन का विशेष योगदान रहा। पूरे कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र साहू ने किया।




## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लोहिया चौक में तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा महासमुंद शहर के लोहिया चौक में 16 जून से 18 जून 2026 तक तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं एवं उपलब्धियों को आकर्षक छायाचित्रों और जानकारीपरक सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को देश के विकास और सुशासन की दिशा में हुए महत्वपूर्ण कार्यों से अवगत कराया जा रहा है।



## प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरूक कर रहा कृषि विभाग, 30 जून तक चलेगा अभियान

**महासमुंद।** देशव्यापी खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत जिले में कृषि विभाग द्वारा 30 जून तक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग और प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों व आम नागरिकों में जागरुकता और जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सतत कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अमले द्वारा गांव-गांव एवं खेत-खेत तथा कार्य स्थलों पर पहुंचकर किसान, मजदूर श्रमिकों को खेत बचाओ अभियान को संदेश तथा समझाईश दी जा रही है। महासमुंद के ग्राम नवागांव में मनरेगा स्थल पर किसानों एवं मजदूरों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में कुल 21 ग्राम पंचायतों में, जिसमें विकासखंड महासमुंद के 5, पिथौरा 4, बसना 6 एवं सरायपाली के 6 ग्राम पंचायत में कृषक चौपाल एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों को खेती में बढ़ती लागत, मिट्टी की उर्वरता में कमी तथा फसल उत्पादन को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारणों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को मृदा परीक्षण (मिट्टी जांच) के महत्व, संतुलित एवं अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग, जैविक खाद एवं हरी खाद के प्रयोग, जल संरक्षण, फसल चक्र अपनाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही किसानों को यूरिया एवं डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, एसएसपी, जैव उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैविक खाद एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। किसानों को बताया गया कि नियमित मृदा परीक्षण एवं वैज्ञानिक खेती अपनाकर भूमि की उर्वरता बनाए रखी जा सकती है तथा उत्पादन लागत को कम करते हुए बेहतर उपज प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों के साथ खेती से जुड़ी समस्याओं एवं उनके समाधान पर चर्चा की गई। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा विभागीय अधिकारियों से विभिन्न कृषि योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी प्राप्त की गई।

# एनपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में बासिन प्रथम व द्वितीय रहे पंढरभट्टा

## नयापारा में 7 दिवसीय एनपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता में 32 टीम ने लिया हिस्सा, विजयी टीमों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी



ग्राम नयापारा में एनपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता 15 जून सोमवार को मौहरीभाटा मैदान में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच आशकरण सोनवानी, पूर्व उपसरपंच संतराम बंजारे, अध्यक्ष प्यारे लाल, कोषाध्यक्ष आशीष जांगड़े, दिनेश पाटिल मौजूद थे।

इस मौके पर सरपंच सोनवानी ने कहा कि क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए संघर्ष करने की क्षमता बढ़ती है। साथ एक दूसरे के भावनाओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। ऐसे आयोजन से गांव के खिलाड़ियों को अपने अंदर छुपे प्रतिभा को निखारने का सुनहरा मौका मिलता है। अध्यक्ष प्यारे लाल पुरेना ने बताया कि युवाओं को अपने बीच पाकर रूबरू हुए। खिलाड़ी का लक्ष्य केवल जीत हासिल करना नही, बल्कि अच्छे खेल भावना के साथ खेलना व अनुशासन नियमों के साथ उनका पालन करना है। एक खिलाड़ी के लिए एक टीम के लोग का संघर्ष रहता हैं। जिसको पार कर ही खिलाड़ी अपने लक्ष्य तक पहुंचता हैं।

सात दिवसीय एनपीएल सीजन वन क्रिकेट प्रतियोगिता में आसपास ग्राम व अन्य जिले के 32 टीम ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच का मुकाबला 8 ओवर से खेला गया। जिसमें टीम पंढरभट्टा ने टॉस जीतकर पहले बेटिंग करने का फैसला लिया और 8 ओवर में 35 रन बनाए। जवाबी सक्रिय बासिन टीम ने जवाब देते हुए 2 ओवर में 36 रन बनाकर जीत हासिल किया। इस दौरान प्रथम आने वाली बासीन टीम को तीस हजार रुपए व कप, द्वितीय पंढरभट्टा की टीम को 15000 व कप, तृतीय तरपोंगी टीम को 7000 रुपए व कप प्रदान किया गया। मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज 14 विकेट लेने वाले संजय साहू को दिया गया। इस अवसर पर नयापारा एनपीएल किक्रेट क्लब टूर्नामेंच के अध्यक्ष प्यारे लाल पुरेना, दिनेश पाटिल, आशीष जांगड़े, अमित ठाकुर, राज निषाद, सोनू ठाकुर, पुष्पेंद्र, आकाश बंजारे, परवीन, विकास, संजय बंजारे सहित युवा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# हाथियों की मौजूदगी को लेकर वन विभाग अलर्ट, सतर्क रहने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में हाथियों एवं अन्य वन्य प्राणियों की लगातार मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है। विभाग द्वारा हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है तथा जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। वन विभाग के अनुसार पिछले लगभग एक वर्ष से बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में करीब 32 हाथियों का विचरण बना हुआ है। हाथियों की निगरानी के लिए हाथी मित्र दल का गठन किया गया है तथा गज संकेत ऐप के उपयोग को बढ़ावा देकर ग्रामीणों तक समय पर सूचना पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही अभयारण्य से लगे सभी गांवों में नियमित रूप से मुनादी कर लोगों को सावधान किया जा रहा है।

## ग्रामीणों के लिए जारी की गई सलाह

वन विभाग एवं हाथी मित्र दल ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे रात या तड़के सुबह अकेले खेतों एवं जंगल की ओर न जाएं। हाथी दिखाई देने पर उसे उकसाने, उसके करीब जाकर फोटो या वीडियो बनाने का प्रयास न करें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल वन अमले या हाथी मित्र दल को सूचना दें।



## विस्थापन और पुनर्वास की दिशा में पहल

अभयारण्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इच्छुक गांवों के चयन और पुनर्वास की प्रक्रिया को भी गति दी जा रही है। इसके लिए उपयुक्त स्थानों का चयन कर शासन को प्रस्ताव भेजे जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर बेहतर मूलभूत सुविधाओं के साथ पुनर्वासित किया जा सके। इससे जहां ग्रामीणों को सुरक्षित जीवन मिलेगा, वहीं वन्यजीवों को भी उनका प्राकृतिक आवास संरक्षित रूप में उपलब्ध हो सकेगा। वन विभाग ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सतर्कता और जागरूकता ही मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

## सुरक्षा के लिए किए जा रहे उपाय

वन विभाग द्वारा सोलर फेंसिंग, गश्ती दल की तैनाती तथा ग्रामीण बस्तियों की सुरक्षा के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। ग्रामीणों को रात के समय मशाल, एलईडी अथवा तेज रोशनी का उपयोग करने तथा मिर्च और भूसे के मिश्रण से धुआं करने जैसे उपाय अपनाने की सलाह दी गई है, ताकि जंगली जानवर आबादी वाले क्षेत्रों में प्रवेश न करें।

## खबर संक्षेप

### जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन अध्ययन जरूरी

**महासमुंद**। वर्तमान समय में शिक्षा ही सफलता और व्यक्तित्व निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच को अपनाना चाहिए। इसी उद्देश्य के साथ एनएमएस कामर्स क्लास द्वारा विद्यार्थियों को निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। संचालक नीलमणु साहू ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन अध्ययन करना अत्यंत आवश्यक है। छोटी-छोटी दैनिक मेहनत ही बड़े सपनों को साकार करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे मोबाइल और अन्य अनावश्यक गतिविधियों में समय व्यर्थ करने के बजाय नियमित अध्ययन पर ध्यान दें तथा अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ें।

### जैविक कृषि कार्यशाला में शरीक होंगे चंद्रहास

**महासमुंद**। पीएम नरेंद्र मोदी के 12



साल कार्यकाल बेमिसाल के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेशभर में जैविक कृषि कार्यशाला 5 जून से 20 जून तक प्रत्येक जिले में आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर को खैरागढ़, छुई खदान, गंडई जिले के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 18 जून को जिला भाजपा कार्यालय में शामिल होंगे।

### स्कूल बसों की फिटनेस जांच होगी 19-20 को

**जगदलपुर**। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों यथा कॉलेज, आईटीआई एवं स्कूलों के बसों की जांच शिविर 19 एवं 20 जून को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई है। उक्त जांच शिविर में निरीक्षण के लिए प्रस्तुत बसों एवं अन्य वाहनों का एक सेट आवश्यक दस्तावेज मौके पर पेश करना अनिवार्य है।

**पहल : ग्रामीणों ने मांग एवं समस्याएं बताई, विधायक ने दिया आश्वासन**

# विधायक सिन्हा ने रामखेड़ा और पटेवा में जन चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मंगलवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने ग्राम रामखेड़ा और पटेवा में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने अपनी मांग एवं समस्याएं उनके समक्ष रखीं, जिस पर विधायक सिन्हा ने उचित निराकरण का आश्वासन दिया है।

सबसे पहले विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम रामखेड़ा पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम ग्राम की आराध्य देवी खल्लारी माता मंदिर में पूजा-अर्चना किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। फिर उन्होंने ग्रामीणों के साथ भेंट मुलाकात की। सुबह-सुबह अपने गांव की गलियों में विधायक को पाकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जन चौपाल में गांव के बुजुर्ग, महिला, युवा सहित सभी वर्गों के सम्मानित नागरिकों ने अपनी-अपनी



समस्याएं एवं मांगें विधायक के समक्ष रखीं, जिन्हें उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए निराकरण का आश्वासन दिया। विधायक की संवेदनशीलता और सकारात्मक पहल से ग्रामीण गदगद हो उठे। जनकल्याण और ग्राम विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने रामखेड़ा में राम मंदिर प्रांगण में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए तथा मुख्य चौक में शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही गांव के पटेल द्वारा निर्माणाधीन राम मंदिर के लिए भगवान राम की प्रतिमा की मांग रखी गई, जिस पर विधायक सिन्हा ने अपनी ओर से प्रतिमा भेंट करने की घोषणा की। इसके पश्चात उन्होंने नवविवाहित को उपहार एवं नवजात शिशुओं को शिशु किट प्रदाय किया। इस अवसर पर भाजपा नेता पप्पू पटेल, मंडल महामंत्री सुनील पटेल, जनपद सभापति धनेश गायकवाड़, सोमनाथ सिन्हा, मनोज यादव भावरिया, कमलेश पटेल, अश्वनी दीवान सरपंच रामखेड़ा, राजकमल सरपंच खट्टा, नुमेश साहू सरपंच मानपुर, रविशंकर पैकरा, मनीष नंदे, शिव नंदे, रवि सेन, गिरधर पटेल, सियाराम पटेल, पुष्कर, मुरली पटेल, शीतल साहू, पंचन साहू, तोरण पटेल, मनसुख पटेल, भूषण साहू, कार्तिक बरिहा, भानु पटेल, दयालु दास, भारती कामदेव यादव, कमलेश बरिहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पटेवा में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात

ग्राम रामखेड़ा के बाद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम पटेवा में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात करने पहुंचे। ग्रामीणों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत अभिनंदन किया। फिर सिन्हा ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। जन चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगें एवं समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक सिन्हा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनहित के कार्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। इसके पश्चात उन्होंने नवविवाहितों को उपहार एवं नवजात शिशुओं को शिशु किट का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता पप्पू पटेल, मंडल महामंत्री सुनील पटेल, पटेवा सरपंच दूज बाई राजू ध्रुव, उपसरपंच संतोष शर्मा, मनोहर साहू, नंदकिशोर यादव, नंदलाल पटेल, मनोज यादव भावरिया, विकास अग्रवाल, टीकाराम पटेल, चंद्रशेखर पटेल, कमलेश पटेल, लीलाधर नायक, प्रीतम गजेंद्र, राधेश्याम नायक, संतराम नायक, रविशंकर पैकरा, नरेंद्र सिन्हा, संजीव सिन्हा, नोहर निषाद, सोनिया साहू, निशा जोगी, सियाबाई नंदे, मनीष नंदे, शिव नंदे, छोटेलाल निर्मलकर, पवन यादव, खोम सिन्हा, बिट्टू अग्रवाल, हुमेश दीवान, जितेंद्र साहू, नंदलाल नायक, नेहरू ध्रुव, उभेलाल ध्रुव, राजकुमार यादव, चैतन्य साहू, राज साहू एवं भुवन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# नवाचार के साथ शिक्षा को बेहतर और सुदृढ़ बनाए जाने पर दिया जोर



**महासमुंद**। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत तुपकबोरा के आश्रित ग्राम मुड़ागांव में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन कर पुस्तकें, शाला गणवेश और मिठाई वितरण कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय ध्रुव ने की। मुख्य अतिथि पीतांबर साहू रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रेखराम सहिस ने किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय ध्रुव ने गणमान्यजनों की उपस्थिति में आश्वस्त किया कि विद्यालय में बच्चों के बेहतर सुविधा और बुनियादी जरूरतों के साथ-साथ नैतिक शिक्षा और नवाचार के साथ शिक्षा को बेहतर और सुदृढ़ बनाए जाने पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026- 27 सत्र में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत बच्चों द्वारा आगामी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रवीण्य सूची में नाम शामिल होने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए पारितोषिक भेंट करने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि पीतांबर साहू ने बच्चों को नियमित शाला आने और पालकों को भी अपने बच्चों को नियमित शाला भेजने को प्रेरित किया। प्रधान पाठक बिंदुराम पटेल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता पीतांबर साहू सहित स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय ध्रुव, शिक्षाविद लीलाधर ध्रुव, पालकगण तुलसीराम साहू, नाशकेत ध्रुव, लीलाधर टंडन, सुशील टंडन, संतु टंडन, वार्ड पंच कमलनारायण टंडन, विनोद अजगले, चेतन मल्होत्रा, शिक्षक गण प्रधान पाठक बिंदुराम पटेल, दिनेश्वरी नायक, रेखराम सहिस सहित पालक व गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के साथ नए शिक्षा सत्र का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय आदर्श उमावि के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक रुप से 16 जून 2026 को शासन के आदेशानुसार शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत विद्यालय में किया गया।

शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के साथ नए शिक्षा सत्र का सुंदर आग़ाज़ हुआ। व्याख्याता द्वय हरिशंकर त्रिपाठी एवं जलंधर वर्गे की अगुवाई में गीत संगीत सहित अतिथियों ने मिलकर पूजन अर्चन, प्रार्थना कार्यक्रम में भाग लिया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का क्रमशः विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत- सत्कार, अभिनंदन किया गया। अतिथियों के समक्ष सारगर्भित ढंग से स्वागत भाषण संस्था प्रमुख जीके अरिल्ले द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में टीनू वास्तव ने विद्यार्थियों को शिक्षण अभिरुचि बढ़ाने प्रोत्साहन स्वरूप कक्षा पहिली से बारहवीं तक कक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्तकर्ता प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मोमेंटो प्रदान करने की घोषणा की एवं जीवन में मूलभूत कौशल/ दक्षताओं के प्राप्ति के संबंध में प्रकाश डाला।

अजय कुमार अग्रवाल ने मितव्ययता के लिए जोर देते हुए मूलभूत संसाधनों की जरूरतों पर बल दिया। साथ ही नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के हित में रुचि लेते हुए स्कूल में पेयजल की समस्या को दूर



करने सार्थक पहल करने आश्वस्त किया। उन्होंने तात्कालिक रूप से सभी विद्यार्थियों के लिए बिस्किट की व्यवस्था कराया। सांसद प्रतिनिधि एसएमडीसी तारेश्वरी नायक ने कहा कि हमें खुशी है कि हम बच्चों के प्रवेशोत्सव जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होकर अपने स्कूली जीवन को याद कर पा रहे हैं। आप सभी स्कूल में जीवन गढ़ने आए हैं, प्रगति -उन्नति की ओर कदम बढ़ाने,नित्य नवीन सीख हासिल करने आए हैं इसलिए अपने लक्ष्य पर पूरे मनोयोग से फोकस करें,अपने लक्ष्य से आपको भटकना नहीं है, अनावश्यक मोबाइल आदि की लत में पड़ना नहीं है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपने ज्ञान- कौशल विकास पर ही पूरा ध्यान केंद्रित करना है।

सेजेस एसएमडीसी अध्यक्ष डॉ आशीष दास ने विद्यार्थियों को मेरिट सूची में आने के लिए स्कूल के पहले दिन से ही कमर कसते हुए खूब मेहनत करने और सफ़लता अर्जित करने प्रोत्साहित किया। आदर्श विद्यालय एसएमडीसी अध्यक्ष अमर नाथ झा ने विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ने,स्वाध्याय करने, प्रकृति संरक्षण में योगदान देने प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया और उन्हें भेंट दी गई। सभी विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया गया। विद्यार्थियों के लिए मिठाई, खीर आदि की उचित व्यवस्था स्कूल प्रबंधन द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता नरेश पटेल एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक यशवंत कुमार चौधरी ने किया।

# घरेलू बिजली दरों में फिर वृद्धि जनता के साथ अन्याय : राकेश

**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार द्वारा घरेलू बिजली की दरों में



इस साल 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि को जनता के साथ अन्याय करार दिया है। आप के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि पिछले साल भी 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई। इस साल भी बिजली दरों में वृद्धि आम जनता की जेब पर सीधे डकैती डालने जैसा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरप्लस बिजली वाला राज्य है, अपने ही राज्य में आम जनता महंगी बिजली खरीदने को मजबूर है। यह समझ नहीं आता है कि एक तरफ 600 करोड़ रुपए बिजली बिल बड़े बकायेदारों से वसूल नहीं पा रही है और दूसरी ओर जनता पर लगातार बोझ डाल रही है। झाबक जी ने कहा कि पहले ही प्रदेश की जनता बिजली बिल और बिजली कटौती से परेशान है, जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से प्रत्येक घरों का बिजली बिल दोगुना से तीन गुना ज्यादा आ रहा है। सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना भी बंद कर दी है। सरकार को कंपनियों का खर्च कम करने के बजाय आम उपभोक्ताओं पर भार डाल रही है। उन्होंने कहा कि यदि बिजली की बढ़ी दरें सरकार वापस नहीं लेगी, तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी महंगी बिजली के विरोध में बड़ा आंदोलन करेगी।



## कसहीबाहरा स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**पिथौरा**। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के थीम सांग ₹स्कूल चलो पढ़े बर, जिनगी ल गढ़े बर₹ के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत कसहीबाहरा के सरपंच खेदूराम पटेल ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर उनका आत्मीय स्वागत किया। साथ ही विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को कॉपी एवं कलम प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। अपने उद्बोधन में सरपंच खेदूराम पटेल ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने पालकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी शिक्षा में सहयोग करने का आह्वान किया। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का केंद्र है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं संस्कारों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार पटेल एवं तब्बसुम शेख सहित विद्यार्थी एवं पालकगण उपस्थित रहे। शाला प्रवेश उत्सव ने विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति उत्साह एवं नवीन ऊर्जा का संचार किया।

# जिला पंचायत सीईओ ने पीएमजीएसवाई फेज-4 सड़क एवं प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम बागबाहरा कला में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) फेज-4 के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार ने निर्माणाधीन सड़क कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित मापदंडों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता आशीष कुलदीप भी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सड़क निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात नंदनवार ने ग्राम बागबाहरा कला में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट



प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लास्टिक कचरे के संग्रहण, छंटाई एवं प्रसंस्करण की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक अपशिष्ट का उचित प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता अभियान को भी मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट से जुड़ी गतिविधियों में महिला स्व-सहायता समूहों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को महिलाओं के लिए आजीविका गतिविधि के रूप में विकसित एवं प्रोत्साहित किया जाए, ताकि स्वच्छता के साथ-साथ ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा सुनिश्चित करें और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाएं।

# सीएम हेल्पलाइन नंबर में शिकायतों का निराकरण प्रारंभ

## रंभावती का राशन कार्ड बना और कुश पटेल का मोबाइल नंबर अपडेट हुआ

**महासमुंद**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 9 जून को प्रारंभ किए गए सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 में नागरिकों के शिकायत प्राप्त हो रहे हैं। वहीं जिला प्रशासन द्वारा निराकरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। शिकायतकर्ता बागबाहरा ब्लॉक की रंभावती साहू ने राशन कार्ड के लिए 12 जून को 1076 नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज की। जिसका खाद्य विभाग द्वारा परीक्षण कर प्राथमिक स्तर पर ही निराकरण किया गया। 14 जून को उनके नाम राशन कार्ड जारी किया गया। इसी तरह आरसी बुक में मोबाईल नंबर दर्ज करने के लिए सरायपाली के कुश पटेल ने सीएम हेल्पलाइन में डायल किया। उनकी शिकायतों पर परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए उनका मोबाइल नंबर अपडेट किया गया। इन आवेदकों से कॉल कर फीडबैक लेने पर बताया कि ये कार्रवाई से संतुष्ट है। इसी तरह अन्य और 8 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। आज दिनांक तक 613 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसमें से 96 आवेदनों का निराकरण किया गया। लेकिन, संबंधित आवेदक से फीडबैक लेना शेष है। 15 आवेदनों को द्वितीय स्तर के अधिकारियों को प्रेषित किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सीएम हेल्पलाइन नंबर में प्राप्त शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने आईडी का नियमित अवलोकन करते रहें। जिससे समय सीमा में आवेदनों का निराकरण संभव हो सके।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

शिक्षा : बकमा स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

# 'शिक्षा से ही बनेगा उज्ज्वल भविष्य'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शासकीय

- बकमा स्कूल में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को दिया उज्ज्वल भविष्य का संदेश

हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल बकमा में शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें आवश्यक शिक्षण सामग्री वितरित कर शिक्षा के नए सफर के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया और उन्हें शिक्षण सामग्री प्रदान की। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का सबसे महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि आज विद्यालय की दहलीज पर कदम रखने वाले बच्चे ही कल देश और समाज की प्रगति के वाहक बनेंगे। शिक्षा वह शक्ति है जो जीवन की चुनौतियों को अवसर में बदलने का सामर्थ्य प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाकर उत्कृष्ट नागरिक बनने का आह्वान किया। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील करते हुए कहा कि परिवार और विद्यालय के संयुक्त प्रयास से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि महिला एवं बाल विकास सभापति एवं जनपद सदस्य मधुलिका चंद्राकर ने शिक्षा को सफलता और आत्मनिर्भरता का सबसे मजबूत आधार बताया। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की सीख दी। कार्यक्रम में विखं शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, बीआरसी साहू, रामजीलाल सिन्हा, सरपंच लीलेश्वर बल्ला साहू, उपसरपंच कमलनारायण साहू तथा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरखराम साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य कुश साहू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक रामनारायण धीवर सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। शिक्षा, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रथम दिवस पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय आगमन पर विद्यार्थियों का तिलक-चंदन लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य आरके तिवारी ने विद्यार्थियों को कक्षाओं में प्रवेश कराया।

प्रातःकालीन सभा में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं नए सत्र में पूर्ण समर्पण एवं अनुशासन के साथ अध्ययन करें तथा अपने व्यवहार, दिनचर्या एवं नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, खेलकूद एवं सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित किया।

प्रार्थना सभा का संचालन किरण एवं भीमेश्वरी साहू ने किया। शपथ का वाचन काजल, संगीता एवं रेखा ने कराया। सुविचार रितु, ग्वाल एवं थोटे द्वारा प्रस्तुत किया गया। अंग्रेजी समाचार का वाचन आरती, भीमेश्वरी, पम्मी, शिल्पी एवं पुष्पा ने किया, जबकि हिंदी समाचार का वाचन योगिता, नंद एवं ठाकुर द्वारा किया गया। स्लोगन प्रस्तुति उषा एवं निशि ने की। इस अवसर पर मनीषा अग्रवाल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

## विवेकानंद विद्यापीठ प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित, छबींद्र ने कक्षा तीसरी में हासिल किया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर



राजधानी रायपुर के कोटा स्थित विवेकानंद विद्यापीठ आदर्श आवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न कक्षाओं की अस्थायी प्रवेश (चयन) सूची जारी कर दी है। इस प्रवेश परीक्षा में ग्राम कर्राभौना के छबीन्द्र चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा तीसरी (अनुसूचित जाति वर्ग) की चयन सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रेमकुमार चौहान के सुपुत्र छबींद्र चौहान (रोल नंबर 308) ने इस कठिन आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में 74 अंक अर्जित कर मेरिट सूची में द्वितीय स्थान बनाकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### 19 जून को होगा दस्तावेजों का सत्यापन

विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, यह चयन सूची अभी अस्थायी है और छात्रों के मूल दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के बाद ही प्रवेश स्थायी किया जाएगा। कक्षा तीसरी के चयनित छात्रों के पालकों को 19 जून 2026 (शुक्रवार) को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे के बीच स्कूल कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

## बच्चों का तिलक लगा व मुंह मीठा करा कराया शाला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रकुमार डडसेना (सेवा क्षेत्र के प्रांत प्रमुख), कार्यक्रम की अध्यक्षता संध्या शर्मा (आदर्श शिक्षा मंडल समिति की उपाध्यक्ष), विशेष अतिथि अश्वनी पाटकर (प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा), देवराज वर्मा (विद्यालय के प्राचार्य) उपस्थित थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती ओम एवं भारत माता की छायाचित्र पर पुष्प अर्पण तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रवेशोत्सव पर उपस्थित बच्चों का तिलक लगाकर, आरती एवं मुंह मीठा कराकर विद्यालय में स्वागत किया गया। पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्र कुमार डडसेना ने बच्चों को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि आज हम सबके लिए गौरव का दिन है। क्योंकि, आप सभी आज नवीन कक्षा में प्रवेश कर रहे हैं, नई कक्षा में नई उत्साह के साथ नई ऊर्जा के साथ अध्ययन करेंगे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि अश्वनी पाटकर ने कहा कि बच्चे एक प्रकार से मिट्टी है एवं शिक्षक कुम्हार है, जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी को सहारा देकर सुंदर घड़ा बनाता है, उसी प्रकार शिक्षक भी बच्चों को ज्ञान, सही रास्ता और अच्छे संस्कार देकर उनका भविष्य बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य देवराज वर्मा ने आभार व्यक्त किया। संचालन विद्यालय के आचार्य मनोज साहू ने किया। इस अवसर पर आचार्य शिव कुमार कन्नौजे, बलराम सेन, किरण साहू, अश्वनी साहू, हेमंत साहू, तुलसीराम पटेल, कुंजलाल पटेल, अजीत राम साहू, अजय कुमार तांडी, खोजेंद्र कुमार साहू, पवन कुमार निर्मलकर, आचार्या दुर्गेशनंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, किरण सोनी, गुरबारी सोनी, तारणी गोस्वामी, टिकेश्वरी चंद्राकर, निशा गोस्वामी, उत्तरा सिन्हा आदि मौजूद रहे।





### नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उप प्राचार्य मिताली गुरुंग द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई वितरित कर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें प्रदान की गई। उप-प्राचार्य ने बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। विद्यालय परिवार ने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### गुरु घासीदास स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर प्राथमिक शाला गुरु घासीदास स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का पारंपरिक रूप से आरती उतारकर स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाई खिलाकर और नवीन गणवेश प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों और उनके पालकों के बीच विशेष उत्साह देखने को मिला। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के विकास एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में सदैव सहयोग करने वाले समीर तिवारी का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद पीयूष साहू, पार्षद चंद्रशेखर, विद्यालय के प्रधानपाठक केशव साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे। शाला प्रवेशोत्सव के माध्यम से विद्यालय परिवार ने शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन बच्चों को प्रोत्साहित करने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संकल्प के साथ किया गया।

## शाला प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस बच्चों का उत्साहपूर्ण स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव के प्रथम दिवस शासकीय प्राथमिक शाला भलेसर में विद्यालय स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें हार पहनाकर, गुलाल लगाकर, मुंह मीठा कराकर तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बच्चों को संबोधित करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने, शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करने तथा गृहकार्य समय पर पूर्ण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने माता-पिता का सम्मान करने तथा मोबाइल से दूरी बनाकर पुस्तकों से मित्रता बढ़ाने का संदेश दिया। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यालय से अनुपस्थित रहने वाले बच्चों एवं उनके पालकों से निरंतर संपर्क स्थापित कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। साथ ही उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए विशेष प्रयास करने पर जोर दिया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा, सरपंच सेवा राम कुर्रे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, भोपाल बंजारा, एपीसी संपा बोस, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, हीना धालेन तथा बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, एसएमसी अध्यक्ष सहित उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों में नई पुस्तकों को लेकर विशेष उत्साह एवं आनंद देखने को मिला। इस अवसर पर सीएसी ए चंद्रशेखर डोरा, शिक्षक दुर्गा यादव, एसएमसी सदस्य, पालकगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### साराडीह स्कूल में हुआ प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला साराडीह में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम हुआ। जिसमें प्रधान पाठक मंजू चंद्राकर, ग्राम पंचायत साराडीह सरपंच भारती साजन यादव, अध्यक्ष सीमा साहू, उपाध्यक्ष रितु साहू, उपसरपंच डेविड चेलक, पंच साजन यादव एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य काजल मारकंडे, खेमिन साहू, राधे श्याम चंद्राकर, शाला की शिक्षिका भारती चंद्राकर, सुनीता पटेल, देवकी सिंह दीवान, माहेश्वरी मारकंडे द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का आरती एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों को उपहार स्वरूप काफी पेंसिल दिया गया।

## देवरी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव, नवप्रवेशी छात्रों को बांटे गए पाठ्य पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी में प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश पटेल, सदस्य दुर्गेश साहू, देवरी के उपसरपंच फ़नीश यादव, पालक पूर्णानंद दुबे, दीपक सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को बारी बारी से व्याख्याता भोज राम ध्रुव, नेशलाल धृतलहरे, दुर्गेश साहू, रमेश पटेल, नीलू सोनी, संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी ने संबोधित करते हुए सभी छात्रों को जमकर पढ़ाई, लिखाई, याद करने, समझने के लिए कहा। साथ ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया।



प्राचार्य डोमन सिंह टंडन ने अनुशासन में रह कर पढ़ाई करने के लिए कहा। कार्यक्रम के पश्चात देवरी के गांधी चौक में नुक्कड़ नाटक किया गया। इसमें गायत्री साहू, यामिनी यादव, रिंकी यादव, पुनिका पटेल, रीना पटेल, लेखा डड़सेना, पायल निषाद, वीणा निषाद, पूर्वी देवांगन, दीक्षा चक्रधारी शामिल रहे। कक्षा नवमी के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं छाया साहू, सेजल, चांदनी, एकता, निकिता, रूपाली, सोनाली, वेदप्रकाश, सेतराम, शेष प्रहलाद, लोकेंद्र, हीना चक्रधारी, ओम कुमारी मारकंडे, धनेश्वरी टंडन, रोशनी चक्रधारी, लता निषाद का अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया और पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्यातागण संजय बरसागडे, आनंद राम व्योहार, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, आशीष कुमार दीवान, रवि प्रकाश पात्रे, बीएल टंडन, सहायक शिक्षक देवानंद चंद्राकर, उद्देश्याम यादव, मौसमी चंद्राकर, कार्यालयीन कर्मचारी हितेश कुमार साहू, कार्तिक यादव, रईस मिर्जा सहित अन्य छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## बम्हनी में मनाया शाला प्रवेशोत्सव, नए विद्यार्थियों का तिलक लगाकर हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला परिसर को रंग-बिरंगे फूलों और गुब्बारों से सजाया गया था, जिसे पूरे विद्यालय में उत्सव सा माहौल नजर आया। कार्यकम की शुरूआत मुख्य अतिथियों और संस्था के प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके पश्चात विद्यालय में प्रथम बार प्रवेश लेने वाले कक्षा नवमी तथा अन्य कक्षाओं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का रोली-तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। शासन की मंशानुसार इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई। ताकि, सत्र के पहले ही दिन से उनकी पढाई सुचारू रूप से शुरू हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित



अतिथियों ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन के विकास का मूल आधार है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्कूल आने और पूरी लगन व मेहनत से पढाई कर अपने माता-पिता, स्कूल और महासमुंद जिले का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया। संस्था के प्राचार्य चमन चंद्राकर ने सभी पालकों से अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहें और स्कूल की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला विकाश एवं प्रबंधन समिति के सदस्य, पालकगण, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी कुंती पटेल (व्याख्याता) एवं आभार प्रदर्शन जीएस कागजी (वरिष्ठ व्याख्याता) ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच रूपा घनश्याम ध्रुव, एसएमडीसी के अध्यक्ष डॉ पुरानिक साहू, सुरेंद्र साहू, ठाकुर राम धीवर, गुणाराम पाल, मनीष यादव, उत्तम साहू, चंद्रप्रकाश साहू, पूर्णिमा पाल, रश्मि यादव, विद्यालय स्टॉफ वंदना शुक्ला, दिनेश्वरी ध्रुव, सविता गायकवाड़, मीनाक्षी पांडेय, आशा कोसरिया, मधुलिका यादव, अनिता जांगड़े, उमेश्वरी ध्रुव, नोमेंद्र वैष्णव, नीलम कुमार सिन्हा, डेनिस चंद्राकर, राजकुमारी श्रेय, अभिजीत सिंह ध्रुव, राधिका पटेल एवं सती यादव आदि उपस्थित थे।

## छात्रों का तिलक लगा व मुंह मीठा कर दुलारपाली स्कूल में मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में नए शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पारसमणी पटेल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने समूह स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। पश्चात मुख्य अतिथि पारसमणी पटेल विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों के साथ मिलकर स्कूल पहुंचे नए पुराने सभी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया। शासन की मंशानुरूप सत्र के पहले ही दिन नव-प्रवेशी छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने अपने उद्बोधन में छात्रों को नियमित शाला आने और कड़ी मेहनत कर उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यकम में मिष्टान्न के साथ बिस्किट नेवता भोज के रूप में दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन टेकलाल पटेल ने किया।